| |
|---|
| दिनांक 15.01.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 24/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद अलीगढ़/थाना गोण्डा

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 14.01.2025 को थाना गोण्डा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त हरेन्द्र को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना गोण्डा पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना गोण्डा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—हरेन्द्र निवासी हीरपुर हुसैनपुर थाना गोण्डा जनपद अलीगढ़, हालपता राजीव कॉलोनी थाना सेक्टर—58 बल्लभगढ़ जनपद फरीदाबाद हरियाणा।

## जनपद बागपत/थाना सिंघावली अहीर

- **05 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 15.01.2025 को थाना सिंघावली अहीर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से पुरस्कार घोषित अभियुक्त माजिद को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना सिंघावली अहीर पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 05 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद बागपत के विभिन्न थानों पर चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना सिंघावली अहीर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—माजिद निवासी गली नं0—1 फतेहउल्ला रोड जाकिर कालोनी थाना लोहिया नगर जनपद मेरठ।

**जनपद इटावा/थाना इकदिल**

- **06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 202 मोबाइल फोन**
- **चोरी के माल बिक्री के 10 लाख 50 हजार रूपये नगद**
- **चोरी की घटना में प्रयुक्त 02 लैपटॉप व अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस, उपकरण**
- **घटना में प्रयुक्त 01 ब्रेजा कार आदि बरामद**

दिनांक 15.01.2025 को थाना इकदिल व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बिरारी पुल के पास चेकिंग के दौरान 06 अभियुक्तों 1—रोहित 2—राजवीर 3—मोहित 4—विजय कुमार 5—चांद 6—नागेन्द्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 202 मोबाइल फोन, चोरी के माल बिक्री के 10 लाख 50 हजार रूपये नगद, चोरी की घटना में प्रयुक्त 02 लैपटॉप व अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस, उपकरण, घटना में प्रयुक्त 01 ब्रेजा कार आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना इकदिल पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद मोबाइल फोन, रूपया आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना इकदिल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रोहित निवासी गोटहिया थाना सफीपुर जनपद उन्नाव।

2–राजवीर निवासी बृह्मवीर नगर थाना अतरौली जनपद अलीगढ़।

3–मोहित निवासी बड़ागांव थाना पिलुआ जनपद एटा।

4–विजय कुमार निवासी वीरनगर थाना अवागढ़ जनपद एटा।

5–चांद निवासी जरसमी थाना कोतवाली एटा जनपद एटा।

6–नागेन्द्र निवासी बड़ागांव थाना पिलुआ जनपद एटा।

**बरामदगी**

1–चोरी के 202 मोबाइल फोन।

2–चोरी के माल बिक्री के 10 लाख 50 हजार रूपये नगद।

3–चोरी की घटना में प्रयुक्त 02 लैपटॉप व अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस, उपकरण।

4–घटना में प्रयुक्त 01 ब्रेजा कार आदि।

## जनपद बुलन्दशहर/थाना सलेमपुर

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के माल बिक्री के 08 लाख 50 हजार रूपये नगद**
- **चोरी के 05 पेटी नल की टोटी**
- **01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 बोलेरो वाहन आदि बरामद**

दिनांक 15.01.2025 को थाना सलेमपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर एसकेडी पब्लिक स्कूल के पास से 04 अभियुक्तों 1–मोनू 2–संजीव 3–विकास 4–विवेक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के माल बिक्री के 08 लाख 50 हजार रूपये नगद, चोरी के 05 पेटी नल की टोटी, 01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 बोलेरो वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त मोनू शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बुलन्दशहर के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सलेमपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मोनू निवासी ग्राम खैरपुर थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर।

2—संजीव निवासी ग्राम कैलावन थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर।

3—विकास निवासी ग्राम हुर्थला थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर।

4—विवेक निवासी ग्राम हुर्थला थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1—चोरी के माल बिक्री के 08 लाख 50 हजार रूपये नगद।

2—चोरी के 05 पेटी नल की टोटी।

3—01 अवैध तमंचा मय जीवित कारतूस।

4—घटना में प्रयुक्त 01 बोलेरो वाहन आदि।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना भोपा

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **धोखाधड़ी के 03 लाख 50 हजार रूपये नगद**
- **02 डंफर**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर आदि बरामद**

दिनांक 15.01.2025 को थाना भोपा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर यूसुफपुर पेट्रोल पम्प के पास से अभियुक्त महेशचन्द्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार

अभियुक्त के कब्जे से धोखाधड़ी के 03 लाख 50 हजार रूपये नगद, 02 डंफर, 01 अवैध तमंचा 315 बोर आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो कुटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी से वीवा इन्फ्रावेन्चर प्राइवेट लिमिटेड के 02 डंफर को बेचने की घटना कारित की गयी थी।

इस सम्बन्ध में थाना भोपा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—महेशचन्द्र निवासी ग्राम भेडाहेडी थाना भोपा जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1—धोखाधड़ी के 03 लाख 50 हजार रूपये नगद।

2—02 डंफर।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर आदि।

## जनपद फिरोजाबाद/थाना रसूलपुर

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 31 लाख रूपये (कीमत) के 255 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब**
- **घटना में प्रयुक्त ट्रक बरामद**

दिनॉकः 15.01.2025 को थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्तों 1—राशिद उर्फ ढप्पा 2—जुबैर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 31 लाख रूपये (कीमत) के 255 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, घटना में प्रयुक्त ट्रक बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना रसूलपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—राशिद उर्फ ढप्पा निवासी ग्राम बीवन थाना फिरोजपुर झिरका जनपद नूह, हरियाणा।

2—जुबैर निवासी ग्राम बीवन थाना फिरोजपुर झिरका जनपद नूह, हरियाणा।

**बरामदगी**

1—लगभग 31 लाख रूपये (कीमत) के 255 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब।

2—घटना में प्रयुक्त ट्रक।

**जनपद मैनपुरी/थाना करहल**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **72 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **घटना में प्रयुक्त केन्टर वाहन बरामद**

दिनॉकः 15.01.2025 को थाना करहल पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सिरसागंज तिराहा से 02 अभियुक्तों 1—नरेन्द्र कुमार 2—पीयूष कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 72 किलोग्राम अवैध गांजा, घटना में प्रयुक्त केन्टर वाहन बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना करहल पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—नरेन्द्र कुमार निवासी भीलनगर थाना सकरौली जनपद एटा।

2—पीयूष कुमार निवासी कासौन थाना बागवाला जनपद एटा।

**बरामदगी**

1—72 किलोग्राम अवैध गांजा।

2—घटना में प्रयुक्त केन्टर वाहन।

- **<u>जनपद शाहजहाँपुर/थाना खुटार (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 21 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद शाहजहाँपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद शाहजहाँपुर द्वारा थाना खुटार पर पंजीकृत अभियोग में धारा 506 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त राजू को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 21 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

------